उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
14—अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
CIN : U32201UP1999SGC024928

संख्या : 1090—पें0एवंआर0—28 / पाकालि / 2016—37—पें0एवंआर0 / 2015 दिनांक : 16.11.2016

**प्रबन्ध निदेशक,**
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी,
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ,
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ,
दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा,
केस्को, कानपुर।

**प्रबन्ध निदेशक,**
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन,
लखनऊ।

विषय : पेन्शनर दिवस का आयोजन (17 दिसम्बर, 2016)।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग—3 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0—3—625—दस—2016—944 / 88, दिनांक 11.08.16 की छायाप्रति संलग्न करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन की अनुरूपता में कारपोरेशन में भी उक्त दिवस को प्रत्येक जनपद में पेन्शन इकाई स्तर पर पेन्शनर दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

2. अतः अनुरोध है कि :—

(क) अपने अधीनस्थ जनपद वार पेन्शन आहरण इकाई के स्तर पर, अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में पेन्शनर दिवस आयोजित कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को अपने स्तर से निदेशित करना सुनिश्चित करें।

(ख) इसके अतिरिक्त उन्हें यह भी निदेशित करें कि जिले के पेन्शनर संगठनों के पदाधिकारियों को अवश्य आमंत्रित किया जाये तथा उन्हें अपनी समस्यायें एवं सुझाव देने का अवसर दिया जाये।

(ग) चर्चा में उठाये गए महत्वपूर्ण बिन्दुओं को कार्यवृत्त में स्पष्ट रूप से उल्लिखित करते हुए यह इंगित किया जाये कि उसके सम्बन्ध में किस प्राधिकारी द्वारा कार्यवाही की जानी है, तथा उनका नियमित अनुश्रवण किया जाय।

3. कृपया उपरोक्तानुसार कृत कार्यवाही से सम्बन्धित पेन्शन संगठनों समस्त सम्बन्धित अधिकारियों एवं कारपोरेशन को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय,

(उमेश गुप्त)
संयुक्त सचिव(अरा0)

संख्या : 1090—पें0एवंआर0—28 / पाकालि / 2016 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत) / मुख्य अभियन्ता (जानपद—वितरण / पारेषण), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक इकाई एवं पेन्शन सेल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. अधिशासी अभियन्ता (वेब) कक्ष सं0—407 शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

आज्ञा से,

(उमेश गुप्त)
संयुक्त सचिव(अरा0)

संख्या : 1090—पें0एवंआर0—28 / पाकालि / 2016 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. अध्यक्ष, विद्युत पेन्शनर्स परिषद, उ0प्र0, लखनऊ 103, कीर्ति शिखर अपार्टमेन्ट, 22 ऑफ स्टेशन रोड, छितवापुर भुइयन, लखनऊ।
2. महासचिव, विद्युत पेन्शनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, 86 / 92—ख, रिसालदार पार्क, लखनऊ।

आज्ञा से,

(उमेश गुप्त)
संयुक्त सचिव(अरा0)